दिनांक 29 मई 2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम के तहत निगम द्वारा युद्ध स्तर पर किया जा रहा है कार्य, संतोषी पारा क्षेत्र में घर-घर किया जा रहा है सर्वे

भिलाई नगर/ निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी द्वारा डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम से संबंधित गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और अधिकारियों को इस बाबत निर्देश दिए जा रहे हैं! नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम के तहत स्वास्थ्य विभाग एवं निगम की टीम द्वारा सर्वे किया जा रहा है तथा घरों में टेमीफास् का वितरण किया जा रहा है , डेंगू बीमारी से बचाव के तरीके बताए जा रहे हैं! जोन क्रमांक 3 क्षेत्र के संतोषी पारा सहित अन्य क्षेत्रों में स्वच्छता के विशेष गैंग के माध्यम से नाली सफाई , कचरा सफाई, फागिंग, घर-घर कूलर एवं विभिन्न पात्रों की जांच , टेमीफास् के उपयोग के तरीके तथा बुखार आदि की जानकारी प्राप्त करने का कार्य किया जा रहा है ! संतोषी पारा एवं छावनी क्षेत्र में निगम की विशेष गैंग लगाई गई है!

घरों में टेमीफास् का वितरण कर बताए जा रहे हैं उपयोग के तरीके डेंगू के लार्वा को नष्ट करने के लिए घरों में टेमीफास् का वितरण निगम द्वारा किया जा रहा है साथ ही उपयोग के तरीके बताए जा रहे हैं और बच्चों से इसे दूर रखने कहा जा रहा है , पूरे निगम क्षेत्र में 77000 से अधिक घरों में टेमीफास् का वितरण किया जा चुका है! संतोषी पारा क्षेत्र के संपूर्ण घरों में टेमीफास् का वितरण किया जा चुका है! जन जागरूकता के तहत पंपलेट किया जा रहा है वितरण डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए पंपलेट चस्पा के साथ ही वितरण भी किया जा रहा है और माइकिंग के माध्यम से डेंगू से बचाव के तरीके भी बताए जा रहे हैं! अब तक 23000 से अधिक पंपलेट का वितरण किया जा चुका है!

सुबह एवं सायं काल दोनों समय हो रही है फागिंग संतोषी पारा एवं छावनी सहित निगम के विभिन्न क्षेत्रों में फागिंग का कार्य सुबह एवं शाम दोनों समय किया जा रहा है ! स्प्रे कार्य के लिए अतिरिक्त स्वच्छता कर्मचारी लगाए गए हैं, इसके साथ ही मच्छरों को नष्ट करने के लिए नालियों के समीप एवं झाड़ी के पास स्प्रे कर रहे हैं! स्वच्छता कर्मचारी सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए नाली एवं गंदगी सफाई का कार्य करते हुए सफाई के पश्चात चूना एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कर रहे है!

कूलर एवं पात्रों की घर-घर में जांच निगम , मितानिन एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम घर-घर जाकर कूलर, पात्रों, छत में रखे गमले, टंकी इत्यादि का निरीक्षण कर रहे हैं, जमे पानी में डेंगू के लार्वा को नष्ट करने के लिए टेमीफास् का उपयोग किया जा रहा है!

घर-घर सर्वे के बाद रखा जा रहा है डाटा डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के तहत किए जाने वाले कार्यों की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में एकत्रित की जा रही है! जिसमें निरीक्षण किए गए पात्रों , टंकियों आदि की संख्या, मच्छर के लार्वा मिलने वाले स्थानों की संख्या, घर में बुखार मरीज की संख्या, फ्रिज के पीछे के ट्रे का निरीक्षण , मच्छरदानी का उपयोग किया जा रहा है अथवा नहीं , कचरा डस्टबिन में ही डाला

गया है की संख्या , कूलर का पानी कब बदला गया तथा आवश्यकतानुसार टेमीफास् का उपयोग , छत का निरीक्षण एवं मितानिन द्वारा किए गए भैंट की जानकारी , परिवार के सदस्यों की संख्या एवं मुखिया का नाम सहित अन्य आवश्यक जानकारी रखी जा रही है!

स्वास्थ्य अधिकारी ने प्रातः से किया क्षेत्रों का निरीक्षण निगम के स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने आज संतोषी पारा एवं छावनी क्षेत्र का प्रातः से सघन निरीक्षण किया! निरीक्षण के दौरान घर-घर निगम द्वारा वितरण किए जा रहे टेमीफास् की जानकारी प्राप्त किए तथा आसपास की सफाई का अवलोकन करते हुए घरों के कूलर एवं पात्रों की जांच किए! उपस्थित जोन के स्वास्थ्य अधिकारियों एवं सुपरवाइजर को डेंगू नियंत्रण अभियान के लिए आवश्यक निर्देश की दिए! संतोषी पारा एवं छावनी के क्षेत्रों में डेंगू नियंत्रण को लेकर चला महाअभियान डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए अतिरिक्त रूप से 46 स्वच्छता कर्मचारियों को संतोषी पारा क्षेत्र में और नियुक्त किया गया है जिन्होंने आज डेंगू नियंत्रण के लिए महा अभियान चलाया! छावनी क्षेत्र के केड़िया मोहल्ले में तथा संतोषी पारा क्षेत्र के न्यू संतोषी पारा , डाॅ. निराला भवन के पास , पार्षद कार्यालय के पास, विवेकानंद नगर, मिलन चौक, हुडको क्वाटर, राष्ट्रीय विद्यालय के पास, देवांगन गली के क्षेत्रों में फागिंग , स्प्रे, कूलर एवं अन्य पात्रों की जांच तथा टेमीफास् का वितरण के साथ ही वृहद सफाई अभियान चलाया गया! निगम की अपील निगम प्रशासन आमजन से अपील करता है कि डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम के तहत विभिन्न पात्रों में जलजमाव न होने दें , सोते समय हमेशा मच्छरदानी लगाएं, डेंगू लार्वा को नष्ट करने के लिए निगम द्वारा वितरण किए जा रहे टेमीफास् का उपयोग करें और इसे बच्चों से दूर रखें , डेंगू बुखार इत्यादि के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क कर चिकित्सीय परीक्षण कराएं!